**विद्या भवन बालिका विद्यापीठ**

शक्ति उत्थान आश्रम, लखीसराय

---

(एन.सी.ई.आर.टी पर आधारित)

कक्षा-पंचम् तिथि-09/06/2021

विषय-संस्कृत सुमिता कुमारी

सुप्रभात बच्चों,

संस्कृत में आप सब आकारांत स्त्रीलिंग शब्द के अलग-अलग वचन के बारे में अध्ययन करेंगे।

**संस्कृत**

**चर्तुथः पाठः**

**आकारांत- स्त्रीलिंग- शब्दाः**

संस्कृत भाषा में पुल्लिंग की तरह स्त्रीलिंग के भी तीन वचन होते हैं।

**स्त्रीलिंग**

| **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|



**बालिका** **बालिके** **बालिकाः**

**(एक लड़की)** **(दो लड़की)** **(अनेक लड़की)**

इस पाठ में आप'आकारांत' स्त्रीलिंग शब्दों के तीनों वचनों के विषय में समझेंगे।

* आकारांत- जिनका अंतिम वर्ण 'आ' हो।

* स्त्रीलिंग- जिनसे स्त्री जाति का बोध हो।

* शब्द -जिनका अर्थ हो।

अकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के रूप निम्न प्रकार चलते हैं-

| **एकवचन** | **द्विवचन** | **बहुवचन** |
|---|---|---|
| शब्द+(_) | शब्द+ए | शब्द+आः |

आकारांत स्त्रीलिंग शब्दों के तीनों वचनों में कुछ उदाहरण निम्नलिखित है

**मानव(Human Beings)**



छात्रा     छात्रे     छात्रा:

(एक छात्रा)     (दो छात्रा)     (अनेक छात्रा)



महिला     महिले     महिलाः

(एक औरत)     (दो औरत)     (अनेक औरत)



वृद्धा     वृद्धे     वृद्धाः

(एक बूढ़ी)     (दो बूढ़ी)     (अनेक बूढ़ी)

**<u>अभ्यास</u>**

**<u>1.शुद्धं विकल्पों चित्वा रिक्तस्थानानि पूरयत -</u>**

**<u>(‘ शुद्ध विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों को पूरा कीजिए।)</u>**

(i)स्त्रीलिंग शब्द ................ जाति के शब्दों का बोध कराते हैं।

(क) पुरुष (ख)स्त्री (ग)न पुरुष न स्त्री

(ii)आकारांत शब्द प्रायः ............ होते हैं।

(क) पुल्लिंग (ख) हलंत (ग)स्त्रीलिंग

(iii) स्त्रीलिंग शब्द ........... वचनों में होते हैं ।

(क)एक (ख) दोनों (ग) तीनों

(iv) ‘रमा' शब्द का द्विवचन ............ है।

(क) रमा (ख)रमे (ग)रमाः

**2.निम्नलिखितपदानाम् अर्थं प्रदत्तविकल्पेभ्यः चिनुत-**

**( निम्नलिखत पदों का अर्थ दिए गए विकल्पों से सुनिए।)**

(i)छात्रा (क)विद्यार्थी (लड़की) (ख) विद्यार्थी (लड़का)

(ii)सेविका (क) अध्यापिका (ख)नौकरानी

(iii) चटका (क)चटनी (ख) चिड़िया

(iv) निशा (क)रात (ख) दिन

(v) भार्या (क) पत्नी (ख) माँ

(vi)मषिका (क)चुहिया (ख)चूहा